तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 रांका के कब्रिस्तान में पर्यावरण प्रेमी संगठन ने लगाए पौधे



12 हर-घर तिरंगा अभियान, कलेक्टर व अधिकारियों ...



B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

# धान खरीदी के लिए 1.39 लाख किसानों का पंजीयन, 31 अक्टूबर तक समय

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

आगामी धान खरीदी सीजन 2025-26 के लिए राज्य शासन ने एग्रीस्टैक प्रोजेक्ट के तहत किसान पंजीयन को अनिवार्य कर दिया है। इस व्यवस्था के माध्यम से पंजीकृत किसानों को ही समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने की अनुमति होगी। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। एग्रीस्टैक पोर्टल पर किया गया पंजीयन ई-केवाईसी युक्त होता है, जिससे किसान की वास्तविक पहचान सुनिश्चित होती है और दोहराव की संभावना समाप्त हो जाती है। यह व्यवस्था किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुरक्षित तरीके से पहुंचाने के लिए लागू की गई है। राज्य शासन द्वारा विकसित एकीकृत किसान पोर्टल के माध्यम से प्रतिवर्ष 1 जुलाई से 31 अक्टूबर तक पंजीयन की प्रक्रिया संचालित होती है। इस वर्ष भी खरीफ सीजन के लिए यह प्रक्रिया तय समय सीमा में पूरी की जाएगी।

**विभागीय समन्वय और डेटा एकीकरण:** इस बार किसान पंजीयन में कृषि विभाग, खाद्य विभाग और राजस्व विभाग के बीच इंटर-डिपार्टमेंटल कोऑर्डिनेशन को मजबूत किया गया है। धान खरीदी पोर्टल पर किसानों का डेटा एग्रीस्टैक की फार्मर रजिस्ट्री से एपीआई के माध्यम से लिया जाएगा। भुइयाँ पोर्टल में दर्ज किसानों की भूमि जानकारी और गिरदावरी रिकॉर्ड को आधार सीडिंग के जरिए एकीकृत किया जा रहा है। वर्तमान में 85 प्रतिशत भूमि रिकॉर्ड का आधार सीडिंग हो चुका है, शेष कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि खरीदी प्रक्रिया में कोई बाधा न आए।

## बनाना होगा किसान आईडी, तभी मिलेगा समर्थन मूल्य पर धान विक्रय का लाभ



### जिले में पंजीयन की स्थिति

जिले की सभी प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसानों का नवीन पंजीयन एवं फसल रकबे का संशोधन कार्य प्राथमिकता से करें। गतवर्ष धान विक्रय करने वाले किसानों की संख्या 1.57 लाख रही है इस वर्ष अब तक किसान आईडी बनवाने वाले किसान 1.39 लाख ने पंजीयन कराया है, शेष किसानों से अपील की वे नजदीकी सहकारी समिति या कॉमन सर्विस सेंटर में जाकर तुरंत किसान आईडी बनवाएं।जिला प्रशासन ने किसानों से आग्रह किया है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और समय पर पंजीयन कराकर खरीदी प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि जिन किसानों का पंजीयन समय पर नहीं होगा, उन्हें समर्थन मूल्य पर धान विक्रय का लाभ नहीं मिल सकेगा।

## खबर संक्षेप

### गणित एवं बायो से 12वीं उत्तीर्ण छात्रों को डेयरी टेक्नोलॉजी के लिए मिलेगा प्रवेश

**बेमेतरा।** ग्राम चोरभट्टी स्थित दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय में गत चार वर्षों से संचालित शासकीय डेयरी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कक्षा 12वीं में गणित एवं बायोलॉजी से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को 12 वी अंकों के मेरिट के आधार पर प्रवेश प्रदान किये जाने की अनुमति प्रदान की गई है। यह निर्णय जिलें के उन विद्यार्थी के भविष्य को लेकर किया गया है जिनके पास गणित एवं बायोलॉजी विषय से 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण करने पश्चात तकनीकी शिक्षा के समुचित विकल्प उपलब्ध नहीं होते। उल्लेखनीय है कि चोरभट्टी स्थित डेयरी पॉलीटेक्निक के द्विवर्षीय चार सेमेस्टर पाठ्यक्रम में देश एवं प्रदेश में तेजी से विकसित हो रहे डेयरी उद्योग के लिये सक्षम युवाओं को तैयार करने के उद्देश्य से तकनीकी शिक्षा प्रदान की जाती है एवं महाविद्यालय से उत्तीर्ण सभी छात्राओं के लिये नौकरी एवं व्यवसाय के बहुविकल्प उपलब्ध रहते है, जिससे एक ओर जिले एवं प्रदेश के विद्यार्थियों को रोजगार आसानी से उपलब्ध होता है, तथा दूसरी ओर प्रदेश में स्थापित शासकीय, अर्धशासकीय एवं निजी डेयरी संस्थाओं की अन्य प्रदेशों के सक्षम युवाओं पर निर्भरता कम होती है।

### महिला मानस मंडली ने रक्षाबंधन पर भजन का किया आयोजन

**थान खम्हरिया।** राधा कृष्ण जमात मंदिर में महिला स्व सहायता समूह व दंतेश्वरी महिला मानस मंडली के संयुक्त तत्वावधान में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। साथ ही राखी के भजन, देशभक्ति गीतों का सुंदर प्रस्तुति करण भाव और लय के अद्भुत संगम में मंत्र मुग्ध कर दिया। रक्षाबंधन से नवमी तक चलने वाला यह आयोजन ना केवल आस्था का प्रतीक है। बल्कि समाज में भाईचारे और एकता का संदेश भी देता है। इस दौरान महंत बसंत दास ने कहा, यह त्यौहार भाई-बहन को स्नेह की डोर में बांधता है। इस दिन बहन अपने भाई का मस्तक पर टीका लगाकर रक्षा का बंधन बांधती है। जिसे राखी कहते हैं। यह एक हिंदू त्यौहार है, जो प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। आगे आपने ▸▸ शेष पेज 13 पर

परेशानी

पानी के अभाव में सूखने लगी खेती आसमा ताक रहे किसान

# नांदघाट क्षेत्र के 17 गांवों में महीनों से ट्रांसफार्मर खराब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा/नांदघाट

खेत प्यासे हैं, नल प्यासे हैं, ट्यूबवेल प्यासे हैं, विभाग के अधिकारी अब भी आराम से देख रहे हैं। ब्लॉक नवागढ़ के नांदघाट क्षेत्र के 17 गांवों में महीनों से ट्रांसफार्मर खराब पड़े हैं। किसान परेशान, महिलाएं पानी के लिए भटक रही हैं और बच्चों के दिन की शुरुआत किताब से पहले पानी की बाल्टी से हो रही है। जिला पंचायत सदस्य सुशीला जोशी किसानों के साथ सीधे मोर्चा खोल चुकी हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता को चिट्ठी लिखकर मांग की है-ट्रांसफार्मर बदलो, वरना आंदोलन की करंट झेलने के लिए तैयार रहो। ग्राम तरपोंगी, भिलौनी, नवागांव, आकोली, चमारी, घुरसेना, पौसरी, दर्री, भीखमपुर, बदनारा, टेमरी, मुर्रा, मगरघटा, खैरा, कांपा, चिचोली और नवापारा यहां या तो ट्रांसफार्मर जले हुए हैं या उनकी क्षमता इतनी कम है कि मोटर चलाना भी भारी लग रहा है। ज्यादातर गांवों को 63 केवीए और 100 केवीए ट्रांसफार्मर की जरूरत है। खैरा में तो साथ में पोल शिफ्टिंग की भी मांग है, वरना खंभा और ट्रांसफार्मर एक दिन खेत में ही गिर जाएंगे।

ग्रामीण बताते हैं कि विभाग की टीम कभी-कभार आती है, ट्रांसफार्मर के पास खड़ी होती है, फोटो खींचती है, और फिर वही कहती है – जल्दी ठीक हो जाएगा। लेकिन यह जल्दी कौन-सा मौसम देखकर आएगा, किसी को नहीं पता। किसान कहते हैं कि अब तो खेत की फसल और बच्चों की गर्मी दोनों इंतजार नहीं कर सकते।



### आंदोलन की चेतावनी

सुशीला जोशी ने कहा यह सिर्फ बिजली का मामला नहीं, बल्कि ग्रामीणों की जिंदगी और आजीविका से जुड़ा सवाल है। अगर ट्रांसफार्मर नहीं बदले गए तो हम सड़क पर उतरेंगे, और फिर आंदोलन की करंट पूरे क्षेत्र में फैलेगी।

## लो वोल्टेज और बिजली कटौती से किसान परेशान

**बेरला।** ब्लॉक सहित परिक्षेत्र में लगभग 15 से 18 दिन बीत गए लेकिन बारिश का नाम ही नहीं है। इससे किसान को बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है। लगातार बारिश की आस लगाए किसान तारे गिन रहे हैं कि आखिर कब बादल से पानी गिरेंगे। बारिश न होना दिन-ब-दिन किसान की चिंता बढ़ता ही जा रहा है। बारिश का सीजन पर गर्मी और उमस की मार पूरा क्षेत्र वासी झेल रहे है। लेकिन सबसे ज्यादा किसान को प्रभाव पड़ रहे है। खेत सुख कर दरारें पड़ने लगे है। वही गर्मी व उमस की मार से खेत सूखकर अपना अस्तित्व खोने लगे जिससे खेत की फसल धान सूखकर सिकुड़ने लगे है। वही दूसरी तरफ किसान की आंख में पानी निकलने लगे है। इसका असर क्षेत्रवासियों को बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ रहे है। साथ ही बारिश की कमी तो हो ही रहे है लेकिन दूसरा उम्मीद बोर व पम्प से था लेकिन



अघोषित बिजली कटौती व लो ओलटेज के चलते सारे मोटरपम्प व बोर भी अपनी हार मान गए है। वही किसान के खेत में चल रहे बोर व मोटरपम्प थक हार कर बन्द पड़े हुए है। लिहाजा बेरला ब्लॉक के कई ग्रामीण अंचल जहां की बात सामने आ रहे है उन क्षेत्र के किसानों ने बताए जिनके धान की बालियां पीलापन की रंग दिखाए दे रहे है। विदित हो कि बेरला ब्लॉक के कई गांव जैसे मनियारी, परपोड़ा, कोदवा, मोहभट्ठा, सलधा, संडी, डंगनिया-ब, भिंभौरी, हसदा, नेवनारा, अकोली, कोटा, खुडमुडा, गुधेली, कोहड़ियि, सोंढ़, बेरलाकला, देवरबीजा, बहिंगा, बोतका, लेंजवारा, तारालिम, सरदा, भिलौरी आदि ग्रामीण अंचल क्षेत्र में बारिश न होने के कारण खेत की फसल सुख रहे हैं। स्थानीय लोग फसल की इस बर्बादी को देख चिंता में पड़ गए है। खेत में दरारें देख कर किसान अब अपनी उम्मीद छोड़ रहे हैं। ग्राम मनियारी के स्थानीय भवमोचन चौबे और ग्राम के सरपंच सोहन साहू ने बताया कि हमारे गांव में लगभग 15 से 18 दिन हो गए, लेकिन अब तक जमकर बारिश नहीं हुआ। जिससे गांव के किसान के खेत सुख गए जिससे खेत मे दरार आ गए है। बारिश नहीं होने से गांव की किसान बहुत चिंतित है। वही बिजली की ▸▸ शेष पेज 13 पर

# रकम दुगुना करने का लालच देकर ठगी, 8 साल से फरार डायरेक्टर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

रकम दोगुना करने का झांसा देकर निवेशकों से करोड़ों की ठगी के मामले में बेमेतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सांई प्रकाश प्रॉपर्टी डेवलपमेंट प्रा.लि. के फरार डायरेक्टर पुष्पेन्द्र सिंह बघेल उर्फ छोटे भैया (62), निवासी सेमरपाखा, थाना ब्यौहारी, जिला शहडोल (मप्र) को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

■ 12% ब्याज और 6 साल में रकम दोगुना करने का झांसा देकर निवेशकों से वसूले करोड़ों

थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा में वर्ष 2017 में प्रार्थी धिरेन्द्र सिंह साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कंपनी के डायरेक्टर ने अपने एजेंटों के माध्यम से 12 प्रतिशत ब्याज और 6 साल में रकम दोगुना करने का लालच देकर निवेशकों से राशि जमा कराई। इसके बाद कंपनी बंद कर रकम हड़प ली और फरार हो गए। मामले में IPC की धारा 420, 34, 409 के साथ ईनामी चिटफंड एवं धन परिचालन स्कीम पाबंदी अधिनियम 1978 की धारा 3, 4 और छत्तीसगढ़ निक्षेपकों का संरक्षण अधिनियम 2005 की धारा 10 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में पहले ही आरोपी मृगेन्द्र सिंह बघेल, धिरेन्द्र प्रताप सिंह और रण विजय सिंह बघेल की गिरफ्तारी हो चुकी है। जबकि मुख्य आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह बघेल लंबे समय से फरार था। पुलिस को सूचना मिली कि वह केंद्रीय जेल रीवा (मप्र) में निरुद्ध है। माननीय न्यायालय से अनुमति लेकर पुलिस ने उसे प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में निरीक्षक दुलेश्वर चंद्रवंशी, थाना प्रभारी मयंक मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक कंवल सिंह नेताम, प्रधान आरक्षक योगेश यादव, आरक्षक प्रताप यादव, अमित सिंह, महेन्द्र वर्मा सहित टीम के अन्य सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही।

# शहर भाजपा ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

स्वतंत्रता दिवस पर "हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा" अभियान के तहत सोमवार को बेमेतरा शहर भाजपा मंडल के सभी शक्ति केंद्रों में देशभक्ति कार्यक्रम के तौर पर हर्षोल्लास से आयोजित किए गए। वार्ड क्रमांक 1, 4, 6, 9, 11, 12, 14, 16, 18 और 21 में स्कूली बच्चों के साथ भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान घर-घर तिरंगा फहराकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया गया।

इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर और गौरवशाली राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। शहर मंडल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, मंडल प्रभारी हर्षवर्धन तिवारी, सह प्रभारी हेमा दिवाकर, शहर मंडल संयोजक विकास तंबोली, सह संयोजक डॉ. विनय साहू,सहित शक्ति केन्द्र संयोजक अनिल माखीजा,रोशन दत्ता,नीतू कोठारी, ▸▸ शेष पेज 13 पर



# स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर जिला मुख्यालय में होगी स्वतंत्रता दौड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

स्वतंत्रता दिवस की के अवसर पर जिले में देशभक्ति के उत्साह और ऊर्जा से परिपूर्ण स्वतंत्रता दौड़ का भव्य आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ 14 अगस्त की प्रातः 7:30 बजे जय स्तंभ चौक से ध्वज संकेत के साथ प्रारंभ होगी और नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुनः जय स्तंभ चौक पर संपन्न होगी।

निर्धारित मार्ग के अनुसार, दौड़ जय स्तंभ चौक से प्रारंभ होकर रेस्ट हाउस चौक, सिग्नल चौक, दुर्ग रोड, गस्ती चौक, दुर्गा मंदिर, राम मंदिर, प्रताप चौक से गुजरते हुए पुनः जय स्तंभ चौक पर समाप्त होगी। पूरे मार्ग में स्वतंत्रता संग्राम के नारे, तिरंगे झंडों की लहराती कतारें और उत्साह से भरे प्रतिभागियों का जज्बा शहरवासियों को प्रेरित करेगा। इस अवसर पर नगर के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में भाग लेंगे। साथ ही जिले के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, स्वयंसेवी संस्थाएं एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी इस ऐतिहासिक दौड़ का हिस्सा बनेंगे। जिला प्रशासन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं और नागरिकों में देशभक्ति की भावना का संचार करना, स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को स्मरण कराना और राष्ट्रीय एकता का संदेश देना है। इस दौरान पूरे मार्ग पर सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, वहीं पेयजल, प्राथमिक उपचार और अन्य सुविधाओं की भी व्यवस्था रहेगी। नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस भव्य आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया गया है। यह स्वतंत्रता दौड़ न केवल एक खेल आयोजन होगी, बल्कि यह हमारे स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियों और राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगी।



## स्वतंत्रता दिवस, रजत जयंती एवं हर घर तिरंगा कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा

# प्रत्येक नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार कलेक्ट्रेट स्थित दिशा सभा कक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित कर जिले के आगामी प्रमुख आयोजनों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह को इस वर्ष और अधिक प्रेरक, भव्य एवं आकर्षक बनाया जाए, ताकि यह आयोजन न केवल राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रबल करें बल्कि जिलेवासियों के लिए गौरव और प्रेरणा का प्रतीक भी बने।

■ कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक

बैठक में 25 से 29 अगस्त तक आयोजित होने वाले रजत जयंती जिला स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय कला, संस्कृति और परंपरा को प्रमुखता दी जाए, साथ ही सभी आयोजन अनुशासन, गरिमा और उत्साह के साथ सम्पन्न हों।



**हर घर तिरंगा अभियान में जनसहभागिता बढ़ाने के निर्देश:** कलेक्टर ने कहा कि हर घर तिरंगा अभियान में जिले का प्रत्येक नागरिक अपने घर पर तिरंगा फहराए और पोर्टल पर तिरंगे के साथ अपनी सेल्फी फोटो अपलोड करना सुनिश्चित करे। इसके लिए सभी अधिकारी-कर्मचारी सक्रिय रूप से जनजागरूकता अभियान चलाएं और गांव-गांव तक संदेश पहुंचाएं।

**ई-ऑफिस में लंबित कार्य जल्द पूर्ण करें :** बैठक में ई-ऑफिस प्रणाली के अंतर्गत सभी लंबित फाइलों एवं कार्यों को शीघ्र निपटाने पर जोर दिया गया, जिससे सरकारी कामकाज में गति और पारदर्शिता बनी रहे। कलेक्टर ने याद दिलाया कि पिछली समय-सीमा बैठक में 42 विभागों में से 31 विभागों ने अपने लक्ष्य समय पर पूरे किए थे, जबकि 11 विभागों में 58 फाइलें अभी भी लंबित थीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि आगामी समीक्षा में प्रगति न दिखाने पर जवाबदेही तय की जाएगी।

### सड़कों से मवेशी हटाने के सख्त निर्देश

कलेक्टर ने सड़कों पर मवेशियों की समस्या को गंभीर बताते हुए नगर पालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायतों को निर्देश दिए कि सड़कों से मवेशियों को हटाने के लिए ठोस और सतत कार्रवाई करें, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को समाप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह केवल सफाई या यातायात का मुद्दा नहीं है, बल्कि जनसुरक्षा से जुड़ा विषय है। बैठक में अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेई, एसडीएम बेमेतरा प्रकाश कुमार भारद्वाज, एसडीएम साजा सुश्री पिंकी मनहर, एसडीएम नवागढ़ दिव्या पोटाई, एसडीएम बेरला दीप्ति वर्मा एवं अन्य जिले के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# नवागढ़ में 80 प्रतिशत धान सूखने की मार पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नवागढ़

सावन बीत गया, लेकिन खेतों में पानी ऐसे गायब है जैसे किसी ने आसमान का नल बंद कर दिया हो। सोमवार और रविवार को बादलों ने थोड़ी फुहार दी, फिर ऐसे गायब हो गए जैसे चुनावी वादे—दिखते हैं, लेकिन पूरे नहीं होते। बाकी दिन आसमान साफ और धूप ऐसी कि किसानों की चिंता पसीने से भी ज्यादा चमक रही है।

■ पत्तियां पीली, पौधे ठिठके, एक हफ्ते में बारिश नहीं हुई तो नुकसान तय

कृषि विभाग के रिकॉर्ड में नवागढ़ ब्लॉक के 188 गांवों में 41,584 धान विक्रेता किसान दर्ज हैं। इस खरीफ सीजन में 51,255 हेक्टेयर में खेती हुई, जिसमें 48,828 हेक्टेयर में धान बोया गया, लेकिन अब 80 प्रतिशत खेत सूखे की चपेट में हैं। खेतों में दरारें, पौधों का रुकना और पत्तियों का पीलापन तस्वीर साफ है, पानी न आया तो धान का सीजन भी वहीं खत्म। किसान कृष्णा यादव ने कहा धान अब ऐसे खड़ा है जैसे कोई हार मान चुका हो। न हरा, न ताजा—बस जैसे किसी ने खेत में पानी की जगह राख डाल दी हो। एसएडीओ आर. चर्तुवेदी ने कहा स्थिति चिंताजनक है, लेकिन सप्ताह भर में बारिश हो गई तो फसल बच सकती है। प्रशासन से अभी कोई निर्देश नहीं मिले, जैसे ही मिलेंगे कार्रवाई शुरू होगी। जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने कहा किसानों की हालत दिन-ब-दिन बिगड़ रही है और प्रशासन फाइलों में बारिश ढूंढ रहा है। समय पर सर्वे और राहत की प्रक्रिया शुरू होती तो नुकसान आधा होता। अब भी देरी हुई तो सिर्फ फसल ही नहीं, किसानों का भरोसा भी सूख जाएगा। कांग्रेस नेता रोशन धर दीवान ने कहा सरकार किसानों के साथ सिर्फ फोटो खिंचाने तक सीमित है। न आपात सिंचाई, न राहत पैकेज—बस भाषण। अगर एक हफ्ते में ठोस कदम नहीं उठाए, तो यह सूखा किसानों के साथ-साथ सरकार की साख भी ले डूबेगा।



## आयोजन : हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

# हर-घर तिरंगा अभियान, कलेक्टर व अधिकारियों ने जगाया देशभक्ति का जज्बा

■ कलेक्टर ने विद्यार्थियों, अधिकारियों व नागरिकों को राष्ट्र की एकता, अखंडता व सम्मान बनाए रखने की शपथ दिलाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को स्वामी करपात्री जी स्कूल से तिरंगा यात्रा निकाली गई। कलेक्टर गोपाल वर्मा स्वयं राष्ट्रीय ध्वज लेकर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित हुए और शहर में राष्ट्रप्रेम एवं देशभक्ति का संदेश प्रदान किया। सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अधिकारी-कर्मचारी और आम नागरिक देशभक्ति के नारों के साथ यात्रा में शामिल हुए। तिरंगा यात्रा शहर के स्वामी करपात्री स्कूल से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख चौक-चौराहों व गली मोहल्ले से गुजरते हुए भारत माता चौक तक पहुंचा। वहीं कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सम्मान बनाए रखने की शपथ दिलाई। तिरंगा यात्रा के दौरान शहर देशभक्ति के गीतों, वंदे मातरम् और भारत माता की जय के नारों से गूंज उठा। हर ओर तिरंगे के रंग लहरा रहे थे और छोटे-बड़े सभी के चेहरे पर राष्ट्र के प्रति गर्व और उत्साह साफ झलक रहा था। बच्चे हाथों में तिरंगा झंडा थामे गर्व से यात्रा में कदमताल करते दिखे। आज की यह तिरंगा यात्रा राष्ट्र के प्रति प्रेम, एकता और समर्पण का जीवंत उदाहरण बनी, जिसने कवर्धा के हर नागरिक के दिल में देशभक्ति के प्रति प्रेरित किया।

कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के निर्देशानुसार 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन देशभर में 2 से 15 अगस्त तक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जिले में भी जनभागीदारी को प्राथमिकता देते हुए विशेष गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम का थीम हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग है। जिसका उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाना। हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन तीन चरणों में किया जा रहा है। प्रथम चरण 2 से 8 अगस्त तक, द्वितीय चरण 9 से 12 अगस्त तक किया गया। तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक विभिन्न आयोजन होंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री वर्मा, सहायक संचालक एमके गुप्ता सहित विद्यार्थी, अधिकारी-कर्मचारी तथा शहर के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

### तिरंगा हमारे राष्ट्र की आन-बान-शान का प्रतीक



कलेक्टर ने कहा कि तिरंगा हमारे राष्ट्र की आन-बान-शान का प्रतीक है। यह केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की स्वतंत्रता, बलिदान और एकता की अमर गाथा का प्रतीक है। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि तिरंगे का सम्मान और संरक्षण करना प्रत्येक भारतीय का परम कर्तव्य है और हमें सदैव इसके गौरव को बनाए रखने के लिए संकल्पित रहना चाहिए। देश की प्रगति और समृद्धि के लिए हम सभी को मिल-जुलकर कार्य करना होगा। उन्होंने युवा पीढ़ी से आग्रह किया कि वे राष्ट्र-निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं, शिक्षा, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के संघर्ष और बलिदान से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में योगदान देना चाहिए। हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य केवल ध्वज फहराना नहीं, बल्कि नागरिकों में देश के प्रति जिम्मेदारी और गर्व की भावना को जागृत करना है। उन्होंने कहा कि जब प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति सजग होगा, तभी हमारा देश वास्तव में मजबूत और आत्मनिर्भर बन सकेगा। उन्होंने सभी से अपील की कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और भाईचारे को बनाए रखने में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें और आने वाली पीढ़ियों को भी तिरंगे के महत्व से अवगत कराएं।

# यूरिया-डीएपी महंगा, किसानों की जेब पर डाका, अधिक दाम पर खाद खरीदने मजबूर, अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के किसानों की परेशानी चरम पर है। धान और गन्ना फसल के लिए इस समय खाद की सख्त जरूरत है, लेकिन सेवा सहकारी समितियों से पर्ची के अनुसार मिलने वाली सीमित मात्रा पूरी नहीं पड़ रही। मजबूरी में किसान प्राइवेट निजी दुकानों से अधिक दाम पर खाद खरीदने मजबूर है। किसानों का आरोप है कि निजी दुकानदार 266 रूपए की यूरिया 600 रूपए में और 1300 रूपए की डीएपी 1800 रूपए में बेची जा रही है। इतना ही नहीं खाद की गुणवत्ता पर भी संदेह जताया जा रहा है। डुप्लीकेट है या ओरिजिनल इसकी कोई गारंटी नहीं। यहां बताना लाजिमी होगा कि कृषि उत्पादन बनाए रखने के लिए उन्हें समय पर और पर्याप्त मात्रा में खाद की आवश्यकता होती है लेकिन कमी का फायदा उठाकर प्राइवेट निजी दुकानदारों द्वारा किसानों की जेब पर सीधा डाका डाल रही हैं। कई किसान तो कर्ज और ब्याज पर महंगा खाद खरीदने को मजबूर हैं। ग्रामीण अंचलों में खुलेआम इस कालाबाजारी के बावजूद कृषि विभाग और प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है। किसानों ने शासन से मांग की है कि ऐसे दुकानदारों की तत्काल जांच कर कड़ी कार्यवाही की जाए, ताकि उनकी मेहनत और फसल बच सके।

### सोनबरसा स्कूल में संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम



**हरिभूमि कवर्धा।** संस्कृत भारती संस्कृत को जन-भाषा बनाने के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। संस्कृत भारती प्रत्यक्ष विधि से संस्कृत के प्रचार-प्रसार में अपना योगदान देती है। जन-सामान्य में संस्कृत का प्रसार हो अधिक से अधिक लोग अपने दैनिक जीवन में सामान्य रूप से संस्कृत में व्यवहार करें। संस्कृत भारती जिला संयोजक अमित मिश्रा ने बताया कि भारत शासन और राज्य सरकार की ओर से संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया जाता है, रक्षाबंधन को संस्कृत दिवस मनाया जाता है इससे तीन दिन पहले और तीन दिन पश्चात अर्थात कुल 7 दिनों तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन होता है, इसी तारतम्य में कार्यक्रम हाई स्कूल सोनबरसा में संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां भारती की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई कक्षा दसवीं के छात्र नितेश द्वारा छत्तीसगढ़ विषय पर संस्कृत में अपना विचार रखा, इसी प्रकार विकास कक्षा दसवीं से ग्राम्य जीवन, कक्षा नवमी से प्रकाश पर्यावरण, कक्षा दसवीं के छात्र सचिन द्वारा दिनचर्या, देवेंद्र कक्षा नवमी द्वारा कालिदास की जीवनी व कक्षा नवमी से हेमचंद ने मम् विद्यालय, छात्रा नवगीता ने सुभाष चंद्र बोस एवं कक्षा दसवीं की छात्रा शीतल द्वारा गीत लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीपी चंद्रवंशी, डोमेन्द्र नायक, सुश्री वीणा, अमृता झा एवं व्याख्याता अमित मिश्रा के साथ समस्त विद्यार्थी एवं ग्रामवासी उपस्थित थें। कार्यक्रम का समापन गांव में शोभायात्रा निकालकर किया गया।

## खबर संक्षेप

### शक्ति केन्द्र कंझेटा में हर घर तिंरग, घर-घर तिरंगा लगाने अपील



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया विधानसभा अंतर्गत मंगलवार को कुण्डा मंडल क्षेत्रांतर्गत शक्ति केंद्र कंझेटा में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा लगाने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें शक्ति केंद्र प्रभारी मोहन चंद्रवंशी के नेतृत्व व बूथ अध्यक्ष फिरतू साहू, तोषण शर्मा, बबलू चंद्रवंशी, माखन चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, परस चंद्रवंशी, डाकोर साहू, ईश्वरी यादव, ढलगन साहू, राजकुमार साहू, दीपचंद साहू, आत्माराम साहू, पंचराम साहू, श्याम लाल साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### कोलेगांव शक्ति केन्द्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया

**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया विकासखंड के कोलेगांव शक्ति केंद्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें तिरंगा यात्रा का संयोजक दिनेश चंद्रवंशी, सह संयोजक परमेश्वर साहू, डॉ संतोष साहू, मुकेश यदु, रामाधार यदु, परषोत्तम यदु, श्रवण यादव, इकाई अध्यक्ष प्रेम सिंगरौल, विकलेश साहू, नारायण साहू व समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनेगा जन्माष्टमी पर्व

**खुज्जी।** अंचल में जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। ग्राम में विविध धार्मिक आयोजन होंगे जिसकी व्यापक तैयारियां ग्रामवासी एवं यादव समाज के लोग कर रहे हैं। ग्राम में सभी के सहयोग से दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता रखा गया है जिसमें 14 मंडलियां भाग लेकर झांकी मय प्रस्तुति देंगी।

### उल्लास से मनाया गया भोजली पर्व

**सड़क अतरिया।** चकनार में सोमवार को भोजली पर्व उल्लास से मनाया गया। इस अवसर गांव की सभी भोजली चौक पर जमा हुई कतार बद्ध होकर भजन कीर्तन के साथ विसर्जन के लिए निकली। इस मौके पर भोजली सजावट स्पर्धा का आयोजन किया गया था, जिसमें बालिका, किशोरी एवं महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

# सड़क हादसे में महिला की मौके पर दर्दनाक मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के झलमला थाना क्षेत्रांतर्गत रविवार शाम को एक दिल दहला देने वाला सड़क हादसा सामना आया है। बताया जाता है कि इस भीषण सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिले में भीषण सड़क हादसे थमने की नाम ही नही ले रहा है। वहीं तेज रफ्तार की दिवानगी से आए दिन शहर व क्षेत्र की सड़के खून से लाल व लोग अपनी जान गवा रहे है। जिले के झलमला थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़वाही में रविवार शाम एक भीषण हादसे में 27 वर्षीय महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मुड़वाही निवासी सुखनबाई अपने बच्चे के साथ ऑटो से झलमला बाजार जा रही थीं। इसी दौरान मोड़ पर तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर लहराया, जिससे वह ऑटो से सड़क पर गिर पड़ीं। इस भीषण सड़क हादसे में 27 वर्षीय महिला सुखनबाई को गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उनकी मौत हो गई। वहीं झलमला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। साथ ही साथ झलमला थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### मेगा पालक बैठक व शाला प्रबंध समिति का पुनर्गठन




**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चिमरा में विगत दिनों 6 अगस्त निर्धारित तिथि में मेगा पालकों की बैठक आयोजित कर प्राप्त निर्देशों के तहत कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा उपरांत नव-प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया साथ ही साथ निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश का वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती राजकुमारी भट्ट एवं उपसरपंच लेखराम साहू की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भौतिक विकास छात्रों के कक्षा अनुरूप दक्षता संबंधी विषय पर गहन विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विष्णु दत्त कौशिक ने किया। वहीं शाला प्रबंध समिति का कार्यकाल पूर्ण होने पर पुनर्गठन हेतु उपस्थित बालको जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में रमम्हन साहू को शाला प्रबंधन समिति का अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बालक दास जहरिया को सर्व-सम्मति से चुना गया। नियमानुसार 16 सदस्य का मनोनयन किया गया, नव-निर्वाचित अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारी का विद्यालय परिवार ने तिलक लगाकर उसे बाहर से स्वागत किया शाला प्रबंध समिति, सरपंच एवं उपसरपंच तथा पंच गण भागीरथी साहू, फलित, संतोष बैगा एवं विद्यालय परिवार में विद्यालय की भौतिक विकास एवं छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु एक वर्षीय कार्य योजना की रूपरेखा तैयार की साथ ही देश की आजादी का पर्व 15 अगस्त विद्यालय में ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया गया। ग्रामवासियों को स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में उपस्थित होने आमंत्रित किया गया, इस बैठक में दिलीप कुमार नागवंशी, श्रीमती उषा मिश्रा, विष्णु दत्त कौशिक, श्रीमती ज्योति खरे, श्रीमती सुनीता ठाकुर, श्रीमती रत्ना शर्मा ने अपनी सक्रिय सहभागिता दी। बैठक में श्रीअंत राम, संतोष बैगा, फलित ने सक्रिय सहभागिता दी बैठक में सेवानिवृत प्रधान अध्यापक दिलीप सिंह ठाकुर को आमंत्रित कर शाला विकास हेतु मार्ग दर्शन लिया गया।

# कवर्धा के किसानों को न खाद मिल रहा और न ही पंप चलाने के लिए बिजलीः रवि चन्द्रवंशी

■ खाद और बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी तो जल्द होगा उग्र आंदोलन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



क्षेत्र में इन दिनों खेती-किसानी के लिए किसानों को खाद और बिजली आपूर्ति पूर्ण मात्रा में होनी चाहिए, लेकिन पूरे कवर्धा जिले के किसान आज खाद और बिजली की समस्या से जूझ रहे है, एक ओर जहां खाद को चार से पांच गुना ऊंचे दाम पर बेचा जा रहा है वही दूसरी ओर पूरे जिले में बिजली व्यवस्था चरमराई हुई है। शहरी और ग्रामीण दोनों जगह निवास करने वाले आम जन बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की भारी समस्या से पीड़ित है। वहीं किसानों के फसल सूखने की स्थिति निर्मित हो गई है परंतु जवाबदार सरकार और प्रशासन सुस्त दिखाई दे रहे है। जिला किसान कांग्रेस प्रभारी युवा किसान नेता रवि चन्द्रवंशी ने बताया कि कवर्धा जिले के किसान खाद और बिजली व्यवस्था को लेकर परेशान है, वर्तमान समय से धान की फसल को पानी और खाद की अत्यंत आवश्यकता है पर भाजपा सरकार की भारी उदासीनता के कारण न तो किसानों को खाद मिल रहा है और न ही पानी। खाद कही मिल भी रहा है तो शासकीय मूल्य से चार से पांच गुना अधिक दाम पर मिल रहा है वही दूसरी ओर किसानों को पानी का पंप चलाने के लिए सरकार सही ढंग से बिजली भी नहीं दे पा रही है, रात-रात भर खेती कनेक्शन की बिजली आपूर्ति बंद की जा रही है जो की किसानों के लिए अत्यंत चिंता जनक विषय है। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि हमारे जिले से गृहमंत्री व उत्कृष्ट विधायक का खिताब जीतने वाले जनप्रतिनिधि होने के बाद भी हमारे किसान भाईयो की स्थिति दयनीय होना बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण है, आगामी समय में जल्द ही यदि किसानों की स्थिति सुधारने हेतु खाद व पूर्ण बिजली सप्लाई नहीं की जाती तो किसान कांग्रेस द्वारा जिले के किसान भाईयो के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करने मजबूर होंगे।

# क्रीड़ा भारती ने सिग्नल चौक में गाड़ियों में तिरंगा लगाकर दिया देशभक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर-घर तिरंगा अभियान से लोगों को जोड़ने एवं उनमें देशभक्ति की भावना के संचार के उद्देश्य से क्रीड़ा भारती कवर्धा की टीम ने सोमवार को सिंग्नल चौक में गाड़ियों में तिरंगा लगाया तथा आने जाने वालों के बीच तिरंगा वितरण किया। क्रीड़ा भारती के सदस्य हाथों में तिरंगा लेकर चौक में पहुंचे तो एक बार तो समझ नहीं आया कि क्या हो रहा है, लेकिन जैसे ही सदस्यों ने रेड सिंग्नल पे रुकी गाड़ियों में तिरंगा लगाना शुरू किया साथ ही वाहन चालकों से आग्रह किया कि स्वतंत्रता दिवस के दिन प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक वाहन, प्रत्येक घर में देश के सम्मान का प्रतीक तिरंगा झंडा सम्मानपूर्वक लगाने का संकल्प लीजिए तो वाहन चालकों में भी उत्साह आने लगा और स्वयं होकर गाड़ी में लगवाने लगे फिर क्या था थोड़ी-थोड़ी देर में पूरा क्षेत्र देश भक्ति के नारों से गूंज उठता था। क्रीड़ा भारती कवर्धा के सदस्यों ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से हम भी हर देशवासी के दिल में राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव जगाना चाहते हैं और इसलिए हम भी इस अभियान में अपनी सहभागिता देने के लिए आज ये कार्यक्रम कर रहे हैं। क्रीड़ा भारती कवर्धा द्वारा इस तिरंगा वितरण कार्यक्रम में गिरीश चंद्रवंशी, नितिन रूसिया, निखिल वर्मा, अमित पाण्डेय, अमरजीत छाबड़ा, आदित्य श्रीवास्तव, प्रभाकर शुक्ला, जसविंदर बग्गा व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।




### शौचालय जर्जर, खुले में शौच करने मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरबसपुर की आश्रित ग्राम बीजाझोरी के शासकीय प्राथमिक स्कूल संचालित हो रहा है। जहां शौचालय अत्यंत जर्जर एवं बदहाल होकर क्षतिग्रस्त हो चुके हैं वहीं खरपतवार से ढ़क चुके हैं, जिससे छात्राओं में जहरीले जीव-जंतु का डर बना हुआ है। जिनके कारण स्कूली बच्चे, शिक्षक, रसोईया खुले में शौच जाने मजबूर है। शौचालय के अभाव के कारण स्कूली बच्चे को खुली में शौच जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बताया जाता है कि शौचालय अत्यंत जर्जर हो चुके हैं क्षतिग्रस्त हो चुके हैं टूट-फूट हो गए हैं वहीं खिड़की दरवाजे नहीं है जिनके कारण से स्कूली छात्र छात्राओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा सुधार कार्य की मांग की गई।

## संस्कृति, भाषा, रीति-रिवाज और स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों के योगदान पर प्रकाश डाला

# क्षेत्र में विश्व आदिवासी दिवस उत्साह व धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पांडातराई

विश्व आदिवासी दिवस ग्राम कोदवा-गोड़ान, दुल्लापुर, दलपी, झिरिया, सरायसेत में भव्य व धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य (क्षेत्र क्रमांक 02) श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर उपस्थित थें। वहीं विश्व आदिवासी दिवस 09 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों की सक्रिय भागीदारी और आदिवासी परंपराओं का गौरवपूर्ण प्रदर्शन देखने को मिला। मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक-02 श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर उपस्थित थें। ग्राम के वरिष्ठ जनों, महिला मंडल और युवाओं ने तिलक, पुष्प वर्षा और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि के बीच उनका स्वागत किया।



शुभारंभ में आदिवासी समाज के देवी-देवताओं, पूर्वजों और स्वतंत्रता संग्राम में योगदान देने वाले महान आदिवासी सेनानियों के तैलचित्र के समक्ष पूजन-अर्चन व मंत्रोच्चारण कर की। जिसमें महिला-पुरुष, युवा और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में तीर-धनुष और महान पुरुषों का तैलचित्र लेकर शामिल हुए। रैली में डीजे एवं ढोल-नगाड़ों की थाप, लोकगीत, नृत्य, स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र, सामाजिक ध्वज और गौरवगाथा लिखे बैनर थे, जो पूरे गांव में उत्सव का माहौल बना रहे थे। सभा का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता ने किया वहीं वक्ताओं ने आदिवासी संस्कृति, भाषा, रीति-रिवाज और स्वतंत्रता संग्राम में आदिवासियों के योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं मुख्य अतिथि श्रीमती अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस अपनी जड़ों को याद करने और संस्कृति को संरक्षित रखने का दिन है। आदिवासी समाज की पहचान उसकी सादगी, मेहनत, प्रकृति-प्रेम और सामूहिक जीवन पद्धति में है। भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह जैसे नायकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया ताकि हम स्वतंत्रता मेले उन्होंने युवाओं से आधुनिक शिक्षा के साथ मातृभाषा, लोकगीत और पारंपरिक ज्ञान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और महिला मंडल व युवा मंडल ने सरहुल नृत्य, गीत और बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानियों पर नाटक एवं नृत्य प्रस्तुत किया। ग्रामवासियों ने भाषा, संस्कृति, त्यौहार, परंपराओं को संरक्षित करने और ग्राम विकास, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण व पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय रहने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं और जिला पंचायत स्तर से आदिवासी समाज के विकास के लिए सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सामाजिक पदाधिकारी क्षेत्र की जनप्रतिनिधि सामाजिक जनप्रतिनिधि ग्रामवासी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# पंडरिया भाजपा मंडल शक्ति केन्द्र में तिरंगा यात्रा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

जिला भाजपा अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी के निर्देशानुसार पंडरिया भाजपा मंडल द्वारा समस्त शक्ति केन्द्र में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसके तहत मंगलवार को मंझोली शक्ति केंद्र में शक्ति केंद्र प्रभारी चंद्रकुमार सोनी, संयोजक शिवचरित्र सिंह ठाकुर, सह-संयोजक रामेश्वर साहू, झयकुमार चंद्रवंशी, महामंत्री युवा मोर्चा हरि साहू, टीकम निर्मलकर, सतीश यादव, मोहम्मद राजीव, सुरेंद्र कुमार धवलकर, बंसी निर्मलकर, मोहम्मद इमरान, रासुद्दीन, मोहम्मद शमशेर, मोहम्मद सलीम, हसीमुद्दीन, लाजिम खान, नसीहब खान, मोहम्मद रफी, मोहम्मद अहसान, जुबेर खान, हकीक जावेद, असजद खान, कौशल निषाद, अलाउद्दीन, रामप्रसाद, अयोध्या प्रसाद, प्रहलाद चंद्रवंशी, मनोज यादव, दिलेश्वर साहू एवं समस्त जेष्ट-श्रेष्ट भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थें एवं शक्ति केंद्र के बूथों में रौहा से लेकर के देवपुरा, मंझोली, कोयलारी, मजनू-कापा तक के भ्रमण किया गया।



**हादसों का मंगलवार : युवकों की लापरवाही और तेजरफ्तार के चलते गई जान**

# नाले में गिरी मोटर सायकिल दो युवकों की मौत, गांव में शोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कुकदुर थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम लोखान के पास मंगलवार को दोपहर एक तेज रफ्तार मोटर सायकल के नाले में गिर जाने से दो ग्रामीण युवकों की गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कुकदुर पुलिस ने मृतकों के शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब डेढ़ बजे विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम भेलकी निवासी गंगू पिता जयसिंह गोड़ अपने साथ रामधारी पिता भंगी जाति पनिका के साथ अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 ईएच 7717 से पंडरिया की तरफ जा रहा था।

बताया जाता है कि दोनों युवक महुआ शराब के नशे में धुत्त थे और मोटर सायकल चालक काफी तेजरफ्तार में लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहा था। इसी दौरान बजाग-पंडरिया राजकीय मार्ग में ग्राम लोखान के पास मोड़ में स्थित पुलिया पर मोटर सायकल चालक की मोटर सायकल असंतुलिक हो गई और सीधे नाले में जा गिरी। नाले में पानी कम होने और यहां मौजूद पत्थरों के ऊपर युवकों के गिरने से उन्हें गंभीर चोटे आई है जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी कुकदुर पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव बरामद कर लिए है। वहीं मर्ग कायम कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

**ग्राम लोखान के पास खतरनाक मोड़, हो चुके है कई हादसे**



ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम लोखान के पास बेहद खतरनाक मोड़ है और इसी मोड़ में नाले में बनी पुलिया भी है। इस स्थिति में अगर वाहन चालकों द्वारा जरा भी लापरवाही बरती जाती है तो वे निश्चित ही दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस पुलिया से पहले भी कई बार लोग वाहन सहित नाले में गिर चुके हैं। यही वजह है कि लोगों ने सुरक्षा की दृष्टि से मोड़ के तरफ वाले हिस्से में पुलिया के किनारे मिट्टी की करीब चार फीट ऊंची दीवार खड़ी कर रखी है। ताकि लोग दुर्घटना से बच सकें। लेकिन बताया जाता है कि इन युवकों की तेजरफ्तार मोटर सायकल इस मिट्टी की दीवार को फांदकर नाले में जा गिरी और उनकी मौत हो गई।

# तेज रफ्तार ट्रक ने मवेशियों के झुंड को रौंदा, सड़क पर फैला खून

**तीन मवेशियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत, आधा दर्जन घायल**



- **घटना के बाद ट्रक में फंसे मवेशियों को करीब 50 मीटर तक सड़क पर घंसीटता रहा आरोपी चालक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 जबलपुर-रायपुर मार्ग में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला।

जहां ग्राम चोरभट्टी के पास एक ट्रक के चालक ने तेजरफ्तार तथा लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए सड़क पार कर रहे पालतू मवेशियों के झुंड को रौंद दिया। बताया जाता है कि इस भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आए नौ मवेशियों में से तीन मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि आधा दर्जन मवेशी घायल बताए जा रहे हैं। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो इसे ट्रक चालक की घोरलारवाही तथा क्रूरता ही कहें की सड़क हादेसे के बाद ट्रक में फंसे तीन मवेशियों को चालक करीब 50 मीटर तक सड़क में घंसीटते ले गया और जब ग्रामीणों ने हो हल्ला मचाया तब कहीं जाकर ट्रक को रोका गया।

बाद में ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची बोड़ला पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर ट्रक को जप्त कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह करीब 10.30 बजे ट्रक चालक सुभान खान निवासी पिपरिया, मध्य प्रदेश ट्रक क्रमांक क्रमांक एमपी 20 एचपी 144 में मध्यप्रदेश के पिपरिया से दाल का छिलका भरकर नेशनल हाईवे 30 जबलपुर-रायपुर होते हुए ओडिय़ा संभलपुर जा रहा था। इसी दौरान बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम चौरभट्टी के पास ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्व तथा तेज रफ्तार से ट्रक चलाते हुए सड़क पार कर रहे मवेशियों के झुंड को रौंद दिया।

इतना ही नहीं वह ट्रक में फंसे तीन मवशियों को करीब 50 मीटर तक सड़क में घंसीटते ले गया। इस दौरान घटना स्थल के आसपास मौजूद ग्रामीणों ने जब हो हल्ला मचाया तब कहीं जाकर आरोपी चालक ने वाहन को रोका। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना बोड़ला पुलिस को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी चालक सुभान खान निवासी पिपरिया, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया वहीं ट्रक को भी जप्त कर लिया है।

## खबर संक्षेप



### टीचर्स एसोसिएशन उपमुख्यमंत्री से मिला

**कवर्धा।** सछत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा से दुर्ग के विश्राम गृह में मुलाकात कर शिक्षक एलबी संवर्ग के संविलियन से पहले के सेवा अवधि की गणना कर पुरानी पेंशन, क्रमोन्नत वेतनमान व अन्य लाभ देने की मांग पर चर्चा किया। इस दौरान एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष केशलाल साहू एवं गोकुल जायसवाल उपस्थित थे।

### रन अगेन्स ड्रग्स का किया गया आयोजन

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन पर जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ के अवसर पर विशेष कार्यक्रम रन अगेन्स ड्रग्स का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले को नशा मुक्त बनाने के प्रति जनजागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम का आयोजन बुधवार, 13 अगस्त 2025 को सुबह 06.30 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन स्वामी करपात्री जी स्टेडियम ग्राउण्ड कवर्धा में होगा। इस अवसर पर सभी नागरिकों, युवाओं, छात्रों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े सदस्यों से इस जन-जागरूकता दौड़ में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

### सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 10 लाख की ठगी करने वाला गिरफ्तार

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के थाना सहसपुर लोहारा पुलिस ने सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर 10 लाख रूपए की ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। आरोप है कि आरोपी ने एक दंपति को पटवारी पद पर नियुक्ति का झांसा देकर फर्जी नियुक्ति पत्र सौंपा था। इस संबंध में थाना स. लोहारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 6 जनवरी 2025 को ग्राम गगरिया, खम्हरिया निवासी गोपेश्वर साहू ने शिकायत दर्ज कराई थी कि असलम खान पिता युसुफ खान आयु 39 निवासी ममता नगर, राजनांदगांव ने उसे और उसकी पत्नी को पटवारी पद पर नियुक्त कराने का आश्वासन देकर आरएस 10 लाख रूपए की धोखाधड़ी की है।

# बारिश के अभाव में खेतों में पड़ने लगी दरारें, किसान चिंतित

## मौसम के साथ बिजली दे रही किसानों को दगा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

हर बार की तरह इस बार भी जिले के विकासखण्ड पंडरिया के कई गांव खण्ड वर्षा की मार झेल रहे हैं। बताया जाता है कि मानसून के शुरूआती दिनो में हुई ठीकठाक बारिश को देखते हुए पंडरिया क्षेत्र के ग्राम कोलेगांव, दामापुर, कुण्डा, महली, महका, सैहामालगी सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के किसानो ने अपने खेतों में धान की बोआई तो कर दी है और फसल जम भी गई है। लेकिन अब इस क्षेत्र में बारिश का अभाव देखा जा रहा है। क्षेत्र के किसानो की माने तो लम्बे समय से यहां धान की फसल के अनुरूप बारिश नहीं होने के कारण अब तो खेतों में दरारें पड़ने लगी है। किसानो ने बताया कि एक तो खण्ड वर्षा की मार उस पर पूरे क्षेत्र में बिजली की अघोषित कटौती तथा लो वोल्टेज की समस्या ने किसानो की चिंता को और भी ज्यादा बढ़ा रही है। हालात इतने बत्तर हो चुके है कि बारिश हो नहीं रही है और जिन किसानो के पास सिंचाई के संशाधन मौजूद हैं वे चाहकर भी अपनी फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं।

**लो वोल्टेज की समस्या**

ग्रामीण किसानो ने बताया कि विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के कोलेगांव विद्युत सब स्टेशन अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, धनेली, भगतपुर, मोहतराकला, कंझेटा, सेमरकोना, निगापुर, बसनी, अमलीमालगी, कुआंमलगी, सोमनापुर, भटरूसे, मोतेसरा सहित अन्य ग्रामीणों के ग्रामीण इन दिनो कुछ ऐसी ही लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे हैं। क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने बताया कि एक तो छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी लगातार विद्युत दरों में वृद्धि कर रही है उस पर उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति कराने में विभाग पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है। कोलेगांव विद्युत सब स्टेशन की खस्ताहाल और चरमराई व्यवस्था का आलम ये है कि यहां चौबिस घंटों में कुछ घंटे की उपभोक्ताओं को बिजली मिल पा रही है और अगर बिजली रहती भी है तो वोल्टेज इतना कम होता है कि किसानो के पंप नहीं चल पा रहे हैं और सिंचाई नहीं हो पा रही है।

**धूप-छांव का प्रतिदिन चल रहा सिलसिला**

किसानो ने बताया कि मौसम किसानो की कड़ी परीक्षा ले रहा है। धूप-छांव का सिलसिला पिछले एक सप्ताह से चल रहा है, परंतु वर्षा नहीं हो रही है। किसानों ने बताया कि उन्होने सिंचाई कर रोपाई का काम शुरू भी किया है, पर धूप तेज होने से खेतों की नमी बहुत तेजी से गायब हो रही है और दरार फटने लगी है। किसानो ने बताया कि आमतौर पर नर्सरी डालने के 21 दिन बाद से रोपाई का कार्य आरंभ हो जाता है लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि कुछ किसान नर्सरी तैयार होने के बाद भी घर की जमा-पूंजी लगाकर रोपाई करवाने से डर रहे हैं और आसमान की ओर टकटकी लगाए बारिश की बाट जोह रहे हैं।

# वनांचल क्षेत्र में सर्पदंश से मौत को लेकर लोगों में दहशत

## सप्ताहभर के भीतर सर्पदंश से चार लोगों की गई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के वनांचल क्षेत्र में कुकदुर में इन दिनो एक के बाद एक हो रही सर्पदंश से मौत के मामलों को लेकर दहशत देखी जा रही है। बताया जाता है कि यहां अलग-अलग घटनाओं में बीते सप्ताह भर के भीतर चार लोगों की सर्पदंश से मौत हो चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम तेलियापानी लेदरा के आश्रित ग्राम जामुनटोला में एक युवति को जहरीले सर्प ने दंश मार दिया जिससे युवति की तबियत बिगड़ने लगी। युवति की स्थिति को देखते हुए परजिनो ने उसे कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार सोमवार को ही थाना क्षेत्र के ग्राम छिरहा निवासी सोनसिंह बैगा नामक व्यक्ति अपने घर के बाहर गली में बेसुध पाया गया। मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। हालांकि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है लेकिन परिजनो द्वारा सर्पदंश की आशंका व्यक्त की जा रही है। जबकि इससे पूर्व बीते बुधवार को ग्राम कांदावानी निवासी 13 वर्षीय मंती बाई को जहरीले सर्प ने दंश मार दिया था। जिसके बाद उसे कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया। लेकिन बाद में मंती बाई की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे रायपुर रिफर कर दिया गया। जहां ईलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इस घटना के बाद ग्राम माटपुर के छपरापारा की रहने वाली महिला तीजिया बाई भी सर्पदंश का शिकार हो गई। उसे ईलाज के लिए जिला अस्पताल कवर्धा में भर्ती कराया गया था। जहां से उसे ईलाज के बाद छुट्टी दे दी गई लेकिन घर पहुंचने बाद उसकी तबियत फिर बिगड़ गई और उसे आननफानन में कुकदुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां ईलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। एक के बाद एक आ रही सर्पदंश से मौत के इन मामलों को देखते हुए पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# बैरख स्कूल में निकाली हर घर तिरंगा अभियान के तहत जागरूकता रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

वनांचल में स्थित शासकीय हाई स्कूल एवं माध्यमिक विद्यालय बैरख द्वारा मंगलवार को हर घर तिरंगा, घर- घर तिरंगा अभियान के तहत की रैली निकाली गई। जिससे लोगों में तिरंगा फहराने के प्रति जन जागरूकता आए और लोग अपने घरों में तिरंगा फहराए एवं आजादी का अमृत महोत्सव मनाए। भारत की आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वाधान में हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान की शुरुआत लोगों को अपने घरों में तिरंगा लाने और इसे अपने घरों में फहराने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए की गई है। इस अभियान का उद्देश्य नगरिकों को अपने घरों में तिरंगा फहराने और तिरंगे के साथ एक व्यक्तिगत और भावनात्मक संबंध स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। इस वर्ष हर घर तिरंगा अभियान 2 अगस्त 2025 से 15 अगस्त 2025 तक तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। जन जागरूकता रैली में संकुल प्राचार्य सोहन कुमार यादव, संकुल समन्वयक तीजराम विश्वकर्मा, व्याख्याता प्रेमलता ठाकुर, मंजू नागवंशी, केशव प्रसाद भारद्वाज, विजेंद्र कुमार धुर्वे, किरण धुर्वे, पुनउ मसराम एवं विद्यार्थी एवं नागरिक गण उपस्थित थे।

# सारंगढ़ शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा

**कवर्धा।** कवर्धा। बीते दिनो जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम सारंगढ़ में स्थापित बाबा सिद्ध पीठ मंदिर में असामाजिक तत्व द्वारा की गई तोड़फोड़ के बाद शिवभक्तों द्वारा मंदिर में पुनः भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग की विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्राणप्रतिष्ठा की गई। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में मुख्य रूप से तोरण साहू, मोहन साहू, किरोत साहू, खोरबहरा साहू, बीदेश्वर साहू, गांत्रहिया साहू, सीताराम पटेल, हरिचंद साहू सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर में एक बार फिर से भगवान भोलेनाथ की नित्य पूजा अर्चना, आरती का क्रम प्रारंभ हो गया है।

## पेज 11 के शेष

### लो वोल्टेज और ...

अघोषित कटौती से बहुत परेशान हो गए। लगातार ट्रांफार्मर के पास जाकर देखते है कि कहीं जंफर तो कट नहीं गए। लेकिन लो ओलटेज व कम केवी के कारण गांव के कई सारे मोटरपम्प बन्द पड़े है। यहां तक जिस किसान के खेत में मोटरपम्प है वह भी पानी के लिए तरस रहे है।

ये समस्या बारिश व लो ओलटेज अघोषित बिजली कटौती के कारण बहुत बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसी के चलते गांव के किसान कई परेशानी झेलना मजबूरी बन गए है। कोदवा बिजल सब स्टेशन में उच्च स्तरीय केवी के ट्रांसफार्मर लगाने की ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग की गुहार लगाई है।

### महिला मानस ..

बताया भगवान कृष्ण ने इस प्रेम और विश्वास के बदले द्रोपती को उनकी रक्षा का वचन दिया था। इस अवसर पर समूह व मंडली की महिलाएं उपस्थित थी। वह इस मौके पर अनिल सिंघानिया, मुकेश सिंघानिया, दीपक बंसल, प्रमोद सिंघानिया, शिव बिंदल उपस्थित थे।

### शहर भाजपा ने ...

आकिब मलकानी, लक्की साहू,पंचू साहू तथा सह संयोजक अनिल रजक,नरेश साहू,भानु साहू, अमरीका निर्मलकर,राकेश मोहन शर्मा, देवराम साहू ,हेमलता शर्मा,गिरवर साहू गोलू साहू सहित शक्ति केंद्र संयोजक एवं सह संयोजक मौजूद रहे।

**नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने स्कूलों में किया श्रमदान**

# स्कूलों में गूंजा स्वच्छता संदेश, कूड़ा से आजादी, स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के नेतृत्व में कवर्धा शहर में कूड़ा से आजादी स्वच्छता श्रमदान अभियान का शुभारंभ हुआ। यह अभियान 09 अगस्त से 14 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जा रहा है जिसका उद्देश्य स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित कवर्धा की दिशा में ठोस कदम उठाना है। इस अभियान के तहत नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा शहर के सभी शासकीय कार्यालय प्रमुखों, विद्यालय प्राचार्यों तथा प्रधान पाठकों को पत्र लिखकर स्वच्छता श्रमदान में भाग लेने का अनुरोध किया गया है इसके अनुक्रम में शहर के विभिन्न स्कूलों में स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें स्कूली छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकगण एवं जनभागीदारी शाला विकास समिति के सदस्य भी सक्रिय रूप से सम्मिलित हुए। विद्यालय



परिसरों, कक्षाओं, खेल मैदानों तथा शौचालयों की साफ-सफाई कर विद्यार्थियों ने स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान विद्यार्थियों ने नारे लगाए स्वच्छ भारत, विकसित भारत, स्वच्छ कवर्धा का नारा लगाया। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि यह अभियान केवल एक सप्ताह तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एक दीर्घकालिक संकल्प है जिसमें सभी नागरिकों की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने कहा, स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। शहर भर में इस अभियान को लेकर उत्साह का वातावरण है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि कूड़ा से आजादी स्वच्छता श्रमदान अंतर्गत विकसित भारत की परिकल्पना व स्वच्छ, सुंदर तथा विकसित कवर्धा बनाने हेतु कवर्धा शहर के समस्त शासकीय कार्यालय प्रमुख एवं स्कूलों के प्राचार्य, प्रधान पाठकों को पत्र लिखा गया है जिसके परिपालन में अपने शाला परिसर का साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, शहर मंडल अध्यक्ष सतविंदर पाहुजा, अध्यक्ष शाला विकास समिति अजय गुप्ता, मनीषा साहू, अधिवक्ता शेखर बख्शी, पार्षद गण दुर्गेश अवस्थी, अनिल साहू तथा महाविद्यालय, स्कूल के समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्रं. 202508230300010 /269 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद सर्वसाधारण ग्राम/नगर **मटका** तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका **राखी गिलड़ा पिता मनीष गिलड़ा** निवासी वार्ड नं. 09 **बेमेतरा** तहसील **बेमेतरा** जिला **बेमेतरा** (छ.ग.) द्वारा ग्राम/नगर मटका प.ह.नं. 36 तहसील **बेमेतरा** जिला बेमेतरा में स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 189/2, 190/2, 194/2, 195/2, 196/1, 199/1, 200/1, 202, 216, 217, 235, 236 रकबा क्रमशः 0.01, 0.01, 0.01, 0.01, 0.08, 0.02, 0.02, 0.41, 0.26, 0.41, 0.26, 0.25, 0.24, 0.36 हे. भूमि को **औद्योगिक** प्रयोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प, की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक **20.08.2025** को न्यायालय में **उपस्थित** होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपात्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **11.08.2025** को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा, जिला - बेमेतरा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
रा.प्र.क्रं. 202508230300011/268 /अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद सर्वसाधारण ग्राम/नगर **मटका** तहसील व जिला बेमेतरा को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका **रूपेश कुमार गिलड़ा पिता रानीदान गिलड़ा** निवासी वार्ड नं. 11 **बेमेतरा** तहसील **बेमेतरा** जिला बेमेतरा (छ.ग.) द्वारा ग्राम/नगर मटका प.ह.नं. 36 तहसील **बेमेतरा** जिला बेमेतरा में स्थित उनके नाम की भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 220, 222/2, 223/1, 223/2, 224/1, 224/2, 226 रकबा 0.22, 0.33, 0.22, 0.06, 0.23, 0.02, 0.23 हे. भूमि को **औद्योगिक** प्रयोजनार्थ बाबत आवेदन पत्र, शपथ पत्र, बी-1, खसरा, स्टाम्प, की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक **20.08.2025** को न्यायालय में **उपस्थित** होकर पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपात्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक **11.08.2025** को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बेमेतरा**

## खबर संक्षेप

### सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर ठगी, गिरफ्तार

**भिलाई।** पटवारी की नौकरी लगाने का झांसा देकर ठगी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।



एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि वार्ड 58 अंबेडकर नगर दुर्ग निवासी रूपेश कुमार को पटवारी पद में नियुक्ति के लिए फर्जी नौकरी के दस्तावेज तैयार कर 15 लाख रुपए की ठगी न्यू आदर्श नगर बोरसी दुर्ग हितेश सिन्हा ने की। घटना की शिकायत मोहन नगर थाने में दर्ज होने के बाद आरोपी को पकड़ने के लिए टीम बनाई गई। संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी हितेश ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया।

### सूदखोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई।** सूदखोरी का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने पकड़ा।



एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि शीतलानगर हनोदा, रोड गैलेक्सी हाईट बोरसी निवासी नागेश्वर प्रसाद चंद्रा का आरोपी रायपुर निवासी शब्बीर जैदी कॉलेज बैचमेट था। पीड़ित को वर्ष 2024 में पारिवारिक कारणों से पैसों की आश्यकता थी। जिसे लेकर आरोपी शब्बीर जैदी से ऑनलाइन कुल 1 लाख 44 हजार 400 रुपये ब्याज पर लिया। आरोपी शब्बीर जैदी को कुल 1. 64 लाख 800 रुपए ब्याज समेत पीड़ित ने लौटा भी दिया। शब्बीर ने पीड़ित से उधारी उक्त रकम देने के एवज में एक ब्लैंक चेक भी लिया था। शब्बीर जैदी ने 27 जुलाई को पीड़ित के घर शीतला नगर बोरसी दुर्ग आकर रकम नहीं देने पर पीड़ित के बच्चों को उठा लेने की धमकी दिया है। आरोपी शब्बीर जैदी अपने घर गुढ़ियारी रायपुर बुलाकर 25 लाख रुपए देने के लिए दबाव बनाया था। आरोपी शब्बीर जैदी को पकड़कर जेल भेज दिया गया है।

### चाकूबाजी की घटना को लेकर भाजपाइयों ने थाने में किया प्रदर्शन



**कुम्हारी।** शनिवार की रात कुम्हारी में हुई चाकूबाजी की घटना को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कुम्हारी थाने के बाहर प्रदर्शन किया। कुम्हारी में हो रही लगातार वारदातों को लेकर कुम्हारी मंडल के भाजपाइयों ने जमकर आक्रोश व्यक्त किया। बजरंग चौक पुरानी हटरी कुम्हारी में चाकूबाजी की वारदात हुई थी। घायल युवक ने पुलिस बयान के आधार पर पुलिस ने तुरंत चार युवकों को गिरफ्तार किया। मौके पर किशोर नामक युवक के घटना में शामिल होने को लेकर गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। इस दौरान भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, मंडल के पूर्व अध्यक्ष पीएन दुबे ने कहा कि इस तरह के अपराधों पर अंकुश लगना चाहिए। सूनसान इलाकों में सूखे एवं गीले नशे से कई बच्चे चपेट में आ रहे हैं। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि चाकूबाजी की घटना में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

# हलषष्ठी पर्व कल, बच्चों के दीर्घायु के लिए महिलाएं रखेंगी व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हलषष्ठी जिसे अंचल में कमरछठ पर्व के नाम से भी जाना जाता है, हर्षोल्लास एवं श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई जाएगी। इस दिन घर के आंगन में मिट्टी को खोदकर शगरी बनाई जाएगी। जिसमें माताएं शिव, भगवान बलराम की पूजा-अर्चना कर संतान के सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी।

भाद्रपद भादो माह लगते ही पर्वो का लगातार क्रम है। जिसके तहत 14 अगस्त को हलषष्ठी जिसे अंचल में कमरछठ पर्व व्रत के नाम से भी जाना जाता है। पर्व को लेकर श्रद्धा भक्ति और हर्षोल्लास का माहौल है। पंडित श्रीनिवास द्विवेदी के अनुसार यह पर्व भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि 14 अगस्त गुरुवार को मनाई जाएगी। ऐसी मान्यता हैं कि इस दिन व्रत रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने पर संतान सुख व संतान को सुख समृद्धि प्राप्त होता है। इस दिन आंगन में मिट्टी को खोदकर शगरी बनाई जाएगी। जिसकी साज-सजावट कर भगवान शिव पंचायत एवं भगवान बलराम की पूजा-अर्चना कर मंगल कामना करेंगी एवं व्रत से संबंधित कथा का श्रवण करेंगी। कई महिलाएं सामूहिक रूप से भी पूजा-अर्चना करेंगी।

### पूजा सामग्रियों की सजी दुकानें

पर्व को देखते हुए शहर के नवीन बाजार,, बाजार पारा चौक के पास व अन्य स्थानों पर पूजा सामग्रियों की दुकानें सजी हुई है। बाजार में अभी से ही हलषष्ठी कमरछठ पूजा के लिए पूजा सामग्रियों की दुकानें ग्रामीण क्षेत्रों से आकर व्यवसायियों ने लगाना शुरू कर दिया है। पसहर चावल से लेकर पूजा में उपयोग होने वाले अन्य सामग्रियों की सजी दुकानों से से महिलाओं ने खरीदी भी शुरू कर दी है। खासकर पसहर चावल की मांग अभी से बनने लगी है। पसरहर चावल के दाम लगभग 100 रुपए पाव के हिसाब से बिक रहा है। आज से बाजार में पूजा सामग्रियों की खरीदी करने के लिए चहल-पहल और भी बढ़ने की संभावना है।



### पसहर चावल की मांग हलषष्ठी कमरछठ पर्व

उपजे हुए अनाज व अन्य सामग्री का उपयोग नहीं किया जाता। लिहाजा पसहर चावल, भैंस का दूध, दही सहित अन्य सामग्रियों का उपयोग किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का जन्मदिन भी है, इसलिए हल से जुती हुई फसल के अनाज व अन्य पूजा सामग्रियों का उपयोग नहीं किया जाता। आंगन में बने शगरी पर जल अर्पण कर भक्तिभाव के साथ इस पर्व को मनाया जाता है।

## निराकरण : कलेक्टर ने आश्वस्त किया-सभी समस्याओं का होगा समाधान

# कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 27 आवेदन प्राप्त हुए

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार समय सीमा की बैठक के बाद कलेक्टरेट के दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन आयोजित किया जिसमें जिले के अलग-अलग क्षेत्र के लोग अपनी-अपनी मांग, समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आये। इस दौरान जनदर्शन में आने वाले सभी लोगों की समस्याओं का निराकरण भी किया गया।

जन चौपाल में कलेक्टर ने लोगों की समस्याओं को गौर से सुना और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। कुछ आवेदन मौके पर ही निराकरण किए गए। जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 27 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया। वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दी।

इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पहुंचे लोगों में से तहसील नांदघाट के ग्राम मुड़पार के समस्त ग्रामवासी ने मनरेगा के रोड को खोदकर कब्जा करने की शिकायत दर्ज करने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील साजा के ग्राम परसबोड़ निवासी प्रभुराम साहू ने जमीन नामांतरण करने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेमेतरा के ग्राम नगधा निवासी अमरीत बाई ने ग्राम झालम स्थित गौशाला में मवेशियों को दान करनें हेतु अनुमति प्रदान करने के संबंध में आवेदन दिया, तहसील बेरला के ग्राम पाहंदा निवासी पुन्नी बाई दिवाकर ने मकान आवास द्वितिय किस्त दिलाने के संबंध में आवेदन दिया, इसी प्रकार तहसील बेमेतरा के ग्राम मुलमुला निवासी मंजिला भारती ने जहरीली जीव जंतु के काटने से क्षतिपूर्ति राशि दिलाये जाने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल हेतु, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धा पेंशन हेतु दिव्यांगता पेंशन दिलाये जाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण के लिए ग्रामीणों को आश्वासन दिलाया। इस अवसर पर एडीएम डॉ. अनिल वाजपेयी, एसडीएम बेरला दिप्ती वर्मा सहित विभिन्न विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बारिश के अभाव में खेत सूखे, पड़ी दरारें

**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अमलडीहा, लोहडगिया, नवागांव, तेंदू भाटा, दूधिया, सहित अन्य गांवों में इन दिनों इंद्रदेव रुठे नजर आ रहे हैं, जिसका असर खरीफ धान की फसल पर पूरी तरह से नजर आ रहा है, जहां बीते कुछ हफ्तों से सावन माह के दौरान खेत, खलिहानों से लेकर नदी, नालों तक जहां भरपूर पानी भरा नजर आता था, वहीं इस वर्ष तेज़ धूप की वजह से खेतों में अब दरारें नज़र आ रही है।

जहां अंचल में इन दिनों बारिश की कमी और बिजली की आंख मिचौली से लोग अच्छे खासे परेशान हैं व खेतों में बोई गई धान की फसल पानी के अभाव में मुरझाने लगी है और मिट्टी में जगह-जगह दरारें पड़ गई है, जहां स्थिति यह है कि कई किसानों ने बोरवेल और पंप सेट से पानी देने की कोशिश की लेकिन बिजली बार-बार बंद होने के कारण सिंचाई काम भी अधूरा रह जाता है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि लगातार कई दिनों से पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण खेत सूखने लगे हैं, तो वही बिजली की आंख मिचौली से धान के फसलों को इस समय पानी की सबसे अधिक जरूर वाली अवस्था में है, लेकिन बिजली कटौती और पानी की कमी ने फसल को संकट में डाल दिया है। कुछ किसानों ने बताया कि इन दिनों कई घंटे बिजली गायब रहती है, जिससे मोटर चला कर खेतों तक पानी पहुंचाना संभव नहीं हो पा रहा है। व पानी की कमी का असर खेतों में दिखने लगा है, जिससे पानी की कमी के चलते खेतों में दरारें इस बात का सबूत है कि जमीन की नमी खत्म हो चुकी है। यदि जल्द बारिश नहीं हुई या बिजली आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो फसल को भारी नुकसान हो सकता है, जिससे किसान चिंतित है कि कई महीनों की मेहनत और लागत पानी की कमी के कारण बेकार न चली जाए। जहां किसान गांव में आसमान की और नजर गड़े हुएं बैठे हैं और उम्मीद कर रहे हैं कि जल्द ही मेघा बरसे और उनके खेतों में फिर से हरियाली लौट आए। वर्तमान हालात में केवल समय पर बारिश और नियमित बिजली आपूर्ति ही किसानौ की मेहनत को बचा सकती हैं।

# डीएवी जांता के चार छात्रों ने नासा द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में किया शीर्ष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

डीएवी एम पी एस जांता विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है कि विद्यालय के चार प्रतिभाशाली छात्रों ने राष्ट्रीय वैमानिकी एवं अंतरिक्ष प्रशासन (नासो) द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान प्राप्त किया, एवं द्वितीय चरण परीक्षा में 50 छात्रों ने भाग लिया था, जिनमें से हमारे विद्यालय के चार छात्रों ने अपने अंतरिक्ष विज्ञान और खगोल विज्ञान के उत्कृष्ट ज्ञान और कौशल का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

नासो एक राष्ट्रीय स्तर का संगठन है, जिसका उद्देश्य देश के छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल विज्ञान और वैमानिकी के प्रति रुचि जागृत करना तथा उन्हें वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रेरित करना है। यह संगठन समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ, कार्यशालाएँ और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता हैं

नासो इसकी प्रमुख प्रतियोगिताओं में से एक है, जिसमें देशभर के हजारों छात्र भाग लेते हैं। इस ओलंपियाड का लक्ष्य छात्रों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच और अंतरिक्ष संबंधी ज्ञान को परखना और विकसित करना है। विजेता छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने के अवसर प्रदान किए जाते हैं। यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र इस प्रकार हैं, तिलेश्वर वर्मा (कक्षा 3) — नासो फ्री कूपन, मेरिट प्रमाणपत्र एवं स्वर्ण पदक, भावेश राय (कक्षा 3) एवं पियूष पटेल (कक्षा 5) — खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष का ऑनलाइन कोर्स, मेरिट प्रमाणपत्र एवं स्वर्ण पदक, राघवेंद्र (कक्षा 9)— छात्र उपग्रह परियोजना में अवसर एवं मेरिट प्रमाणपत्र एवं अन्य छात्रों को भागीदारी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।









डी ए वी विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और क्षेत्रीय अधिकारी व छतीसगढ़ डी ए वी संस्थान प्रमुख प्रशांत कुमार एवं सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ बी पी साहू के निरंतर सहयोग और प्रोत्साहन को दिया। दोनों अधिकारियों ने छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसी उपलब्धियाँ क्षेत्र और विद्यालय दोनों के लिए गौरव का विषय हैं।

इन विजेताओं को जल्द ही विशेष पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह उपलब्धि न केवल उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है, बल्कि विद्यालय के वैज्ञानिक जिज्ञासा और नवाचार को प्रोत्साहित करने के प्रयासों को भी दर्शाती है। विद्यालय के प्रचार्य पी एल जायसवाल ने विजेताओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य छात्रों को भी प्रेरित करेगी कि वे ऊँचे लक्ष्य निर्धारित करें और अंतरिक्ष की अद्भुत दुनिया को जानने का प्रयास करे।

# मिनी माता की पुण्यतिथि मनायी, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



ग्राम अकोली मे मिनी माता की पुण्यतिथि श्रद्धा और भावपूर्ण वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष, सर्व हिन्दू सनातन संगठन एवं भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी शामिल होकर मिनी माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके जीवन से जुड़े प्रेरणादायक पहलुओं को उपस्थित जनसमूह के साथ साझा किया।

योगेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मिनी माता ने सदैव समाज सेवा, भाईचारे और संस्कारों के संवर्धन के लिए कार्य किया। उनके आदर्श और शिक्षाएं आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। हमें उनके पदचिह्नों पर चलकर समाज में एकता और मानवता का संदेश फैलाना चाहिए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से विमल देसलहरे, सरोज बारले, साधना देवी कुर्रे, बिंधा देशलहरे, सुमन कोसले, सक्रिया गायकवाड़, जीवन देशलहरे, रेणु कुर्रे, परागा बाई, यशोदा सारंग, मनोज सिन्हा, विक्रम पाल, यशवंत टंडन, प्रियांशु सिंह, जोशी एवं अन्य ग्रामीणजन शामिल थे।

पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और भावनाओं का माहौल बना रहा। अंत में, उपस्थित सभी लोगों ने संकल्प लिया कि मिनी माता जी के आदर्शों, शिक्षाओं और समाज कल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

### आज पीएम सूर्य घर योजना माहेश्वरी भवन में शिविर

**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत जिला मुख्यालय में एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें उपभोक्ता सोलर प्लांट लगाने और योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विद्युत विभाग के एई गुलाब राम साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि आज 13 अगस्त की सुबह 12 बजे महेश्वरी भवन रेस्ट हाउस रोड प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर एक शिविर रखा गया है । जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत सस्ती बिजली से मुफ्त बिजली की ओर अग्रसर होना। श्री साहू ने आगे बताया शिविर में विभागीय अधिकारी और कर्मचारी योजना से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए उपस्थित रहेंगे। सर्वप्रथम रजिस्टर्ड वेंडर सोलर प्लांट लगाने के लिए जानकारी और सहायता प्रदान करेंगे।शिविर में बैंक के प्रतिनिधि योजना के तहत ऋण और अन्य वित्तीय सहायता के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे। इसके अलावा पंजीकरण सुविधा शिविर स्थल में ही सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज के तौर पर बिजली बिल, आधार कार्ड बैंक पासबुक चेक बुक की कापी की आवश्यकता होगी। ए ई श्री साहू ने उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में उपस्थित हों और योजना का लाभ उठाएं।

### रांका के कब्रिस्तान में पर्यावरण प्रेमी संगठन ने लगाए पौधे



**बेमेतरा।** पर्यावरण प्रेमी संगठन एवं मुस्लिम जमात रांका के द्वारा मुस्लिम कब्रिस्तान में 21 फलदर, छायादार पौधे का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश। पौधारोपण के संदर्भ में सरफराज नियाजी ने बताया कि इस्लाम में, पेड़-पौधों को बहुत महत्व दिया गया है। कुरान और हदीस में, पेड़ों को न केवल उपयोगी माना गया है, बल्कि उन्हें अल्लाह की दया और आशीर्वाद का प्रतीक भी माना गया है। पेड़ लगाना एक सतत दान (सदाकातुल जारिया) माना जाता है, जिसका फल लगाने वाले को तब तक मिलता रहता है जब तक कि कोई जीव उससे लाभ उठाता है। इस्लाम में पेड़-पौधों के प्रति आदर और देखभाल का एक उत्कृष्ट उदाहरण यह है कि पैगंबर मुहम्मद (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) ने अपने अनुयायियों को युद्ध में भी पेड़ों को न काटने का आदेश दिया था। पौधारोपण में संगठन अध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू , गणेश सेठ ,रामकृष्ण सेन, राजेन्द्र निषाद, गणेश साहू, राजेश साहू, डिकेन्द्र साहू, शेख शरीफ कुरैशी, -दिलावर खान, इसहाक अहमद खान, अब्दुल मुबीन, सादिक खान एवं, सरफराज नियाजी उपस्थित रहे।




### जामुल पुलिस पहुंची अटल आवास, 321 के आधार कार्ड की जांच

**भिलाई।** जामुल पुलिस ने अभियान चलाकर अटल आवास के मकानों में पहुंची। इस दौरान 321 संदिग्धों का आधार चेक किया। इस दौरान सीएसपी हरीश पाटिल,डीएसपी हेमप्रकाश नायक, ममता अली शर्मा, निरीक्षक राजेश मिश्रा,अम्बर सिंह भारद्वाज, विजय यादव समेत रक्षित केन्द्र से बल पहुंची थी।




# सिंघौरी स्कूल में हुआ घर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिंघौरी में महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वाधान पर घर-घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उक्त कार्यक्रम पर राखी यादव (महिला एंव बाल विकास अधिकारी) बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता रुखमणी साहू एंव विशिष्टअतिथि के रूप में विनोद राघव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख मीनाक्षी शर्मा द्वारा हमारे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। शिक्षक नुतेश्वर चंद्राकर ने बच्चों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाये जा रहे घर-घर तिरंगा महाअभियान के बारे में बताया गया।इस कार्यक्रम पर स्कूली बच्चों ने सर पे हिमालय की छत्र हो,मेरे भारत की बेटी और ओ देश मेरे जैसे गीतों पर बहुत ही सुंदर संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत किये एवं तिरंगे का चित्र बनाकर अतिथियों का मन मोह लिया।प्रतिभागी बच्चों को अतिथि द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चे उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम के दौरान रामगोपाल चंद्राकर प्राचार्य,मीनाक्षी शर्मा प्रधान पाठक सहित धनीराम बंजारे संकुल समन्वयक,शशिकला यादव ,नुतेश्वर चंद्राकर, प्रशांत बघेल एंव पूनम कुमार साहू उपस्थित रहे।

